# गंजबासौदा में अतिक्रमण पर प्रशासन सख्त

**खास बातें**

- एसडीएम अनुभा जैन ने दिए निष्पक्ष कार्रवाई के निर्देश
- अधिकारियों-कर्मचारियों को चेतावनी



**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा 19 मई, शहर में लगातार बढ़ रहे अतिक्रमण को लेकर प्रशासन अब सख्त नजर आ रहा है. पटवारी सभा कक्ष में आयोजित बैठक में सभी विभागों के अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में अतिक्रमण हटाने को लेकर विस्तृत चर्चा हुई. बैठक में निर्णय लिया गया कि पक्के-कच्चे मकान, दुकान, खोखा और गुमटियों सहित सभी प्रकार के अतिक्रमण बिना किसी पक्षपात के हटाए जाएंगे.**

बैठक में अधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि कार्रवाई सभी पर समान रूप से होगी और यह मेरा-वह तेरा जैसी स्थिति बर्दाश्त नहीं की जाएगी. नवीन बस स्टैंड की अव्यवस्थित स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा गया कि वहां मनमाने ढंग से दुकानें लगाई जा रही हैं, जिससे पूरा क्षेत्र कचरा घर में तब्दील होता जा रहा है.

बैठक में पुराने बस स्टैंड क्षेत्र में बड़े व्यापारियों और पूंजीपतियों द्वारा किए गए अतिक्रमण का मुद्दा भी प्रमुखता से उठा. आरोप लगाए गए कि कुछ प्रभावशाली लोगों को राजनीतिक संरक्षण मिलने के कारण नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी कार्रवाई करने से बचते रहे हैं. यही वजह है कि वर्षों से अतिक्रमण लगातार बढ़ता गया.

### शासकीय भूमि की बिक्री और रजिस्ट्री पर उठे सवाल

बैठक में यह मुद्दा भी उठा कि शासकीय भूमि पर स्थायी निर्माण कैसे हुए और उनकी रजिस्ट्री बिना जांच-पड़ताल के कैसे हो गई. वक्ताओं ने कहा कि केवल अतिक्रमणकारियों पर कार्रवाई पर्याप्त नहीं होगी, बल्कि उन लोगों और कर्मचारियों की भी जांच होनी चाहिए जिन्होंने मिलीभगत से सरकारी जमीन को निजी भूमि में बदलने का काम किया.

### यातायात बाधित, दुर्घटनाओं का बढ़ रहा खतरा

रेलवे स्टेशन से सावरकर चौक, जय स्तंभ चौक से विजय नगर कॉलोनी तथा जय स्तंभ चौक से बेतोली रेलवे फाटक तक सड़क किनारे फैले अतिक्रमण को शहर की यातायात व्यवस्था के लिए गंभीर समस्या बताया गया. बैठक में कहा गया कि इन अतिक्रमणों के कारण आम लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है और दुर्घटनाओं का खतरा भी लगातार बढ़ रहा है.

### अब कार्रवाई के परिणाम पर टिकी शहरवासियों की नजर

शहरवासियों का कहना है कि वर्षों से नोटिस जारी करने की परंपरा तो चली आ रही है, लेकिन ठोस कार्रवाई नहीं हो पाई. अब लोगों की नजर अनुभा जैन के नेतृत्व में चलने वाले अतिक्रमण हटाओ अभियान पर टिकी हुई है. आने वाले दिनों में यह साफ हो जाएगा कि प्रशासन इस अभियान को कितनी मजबूती और निष्पक्षता के साथ आगे बढ़ाता है.

# शराब से भरा चार पहिया बेकाबू वाहन पलटा

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।**
**पठारी गांव के पास शराब से भरा एक पिकअप बेकाबू होकर पलट गया। वाहन सड़क किनारे लगे बिजली के खंभे से जा टकराया, जिससे 11 केवी हाईटेंशन लाइन का खंभा टूट गया और तार जमीन पर गिर गए। हादसे के वक्त वाहन में सवार चालक समेत तीन लोग सुरक्षित बच गए।**

पिकअप की टक्कर इतनी जोरदार थी कि बिजली का खंभा बीच से टूट गया और हाईटेंशन लाइन के तार सड़क पर आ गिरे। सूचना मिलते ही बिजली विभाग ने क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति तत्काल बंद कर दी। ग्रामीणों के अनुसार, समय रहते बिजली कटने से बड़ा हादसा टल गया, अन्यथा तार की चपेट में आने से जनहानि हो सकती थी।दुर्घटनाग्रस्त पिकअप वाहन जतारा से उपरारा स्थित शासकीय शराब दुकान के लिए शराब लेकर जा रहा था। वाहन पलटने से उसमें लदी शराब की



पेटियां और बोतलें सड़क पर बिखर गईं। मौके पर स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई, जिसके बाद चंदेरा थाना पुलिस ने पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया।घटनास्थल पर पुलिस बल तैनात कर दिया गया है ताकि लोग टूटे हुए तारों और वाहन के करीब न जाएं। शराब दुकान के संचालक भी मौके पर पहुंच चुके हैं। चंदेरा थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है। शराब से भरा एक पिकअप बेकाबू होकर पलट गया। वाहन सड़क किनारे लगे बिजली के खंभे से जा टकराया, जिससे 11 केवी हाईटेंशन लाइन का खंभा टूट गया और तार जमीन पर गिर गए। हादसे के वक्त वाहन में सवार चालक समेत तीन लोग सुरक्षित बच गए।

## अवैध खनन पर मशीन जब्त, प्रकरण दर्ज




**जावर.** थाना अंतर्गत ग्राम केसोपुर में भू-जल स्तर के संरक्षण और अवैध बोरिंग माफियाओं के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एक कार्रवाई की गई है. गौरतलब है कि पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम केसोपुर में कुछ असामाजिक तत्वों माफियाओं द्वारा बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के अवैध रूप से बोरवेल का खनन किया जा रहा था. इस सूचना पर पुलिस बल द्वारा मौके पर औचक निरीक्षण किया गया. निरीक्षण के दौरान राहुल पिता प्रेमसिंह बागवान निवासी डोडी, रतन सिंह पिता दरियाव सिंह मालवीय निवासी केसोपुर द्वारा बिना पूर्व अनुमति/लाइसेंस के बोरवेल मशीन से अवैध खनन करते हुए पाया गया. पुलिस द्वारा बोरवेल मशीन को जब्त कर लिया गया है. मशीन को सुरक्षित अभिरक्षा में जावर थाने में खड़ा करवा दिया गया है.

## 24 घंटे में नाबालिग को किया बरामद


**शाहगंज.** पुलिस ने नाबालिग बालिका का अपहरण करने वाले आरोपी को गिरफ्तार करते हुए बालिका को बरामद करते हुए परिजनों के सुपुर्द कर दिया है. पुलिस से जानकारी के अनुसार 18 मई को फरियादी ने रिपोर्ट किया कि उसकी नाबालिक लड़की को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसला कर ले गया है . वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एसडीओपी रवि शर्मा द्वारा अपहर्ता की तलाश हेतु थाना प्रभारी दिनेश सिंह चौहान के नेतृत्व में टीम गठित की गई. टीम द्वारा अपहर्ता की पतारसी कर 24 घंटे के अंदर बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया गया. प्रकरण में आरोपी 20 वर्षीय बबलेश चौहान पिता स्व. शंकर सिंह चौहान निवासी बकतरा को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया जाएगा.

# लापरवाही बरतने के मामले में दो सरपंचों को नोटिस जारी

- जतारा जनपद ने जिला सीईओ को भेजा प्रस्ताव
- ग्राम पंचायत पंचमपुरा एवं दरगाय कलां की लापरवाही



कार्यालय जनपद पंचायत जतारा जिला टीकमगढ़ (म0प्र0)



कार्यालय जनपद पंचायत जतारा जिला टीकमगढ़ (म0प्र0)

**नवभारत न्यूज,टीकमगढ।**
**टीकमगढ़ जिले की जनपद पंचायत जतारा में दो ग्राम पंचायतों के सरपंचों के खिलाफ कार्रवाई की अनुशंसा की गई है। जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने जिला पंचायत सीईओ को पत्र भेजकर ग्राम पंचायत पंचमपुरा की सरपंच श्रीमती कमलेश केवट और ग्राम पंचायत दरगाय कलां की सरपंच श्रीमती कल्लूबाई आदिवासी के विरुद्ध मप्र पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 40 के तहत कार्रवाई करने का प्रस्ताव भेजा है।**

जारी नोटिस के अनुसार दोनों ग्राम पंचायतों के आश्रित गांवों में वर्ष 2025-26 के तहत सांसद निधि योजना से मुक्तिधाम निर्माण कार्य स्वीकृत किया गया था। पंचमपुरा के आश्रित गांव पनवारी और दरगाय कलां के आश्रित गांव कोड़िया में यह निर्माण होना था। दोनों कार्यों के लिए तकनीकी एवं प्रशासनिक स्वीकृति भी जारी कर दी गई थी। निर्माण कार्य की कुल स्वीकृत राशि 2 लाख 38 हजार 106 रुपये बताई गई है, जिसमें सांसद निधि से 2 लाख 7 हजार 638 रुपये और मनरेगा योजना से 30 हजार 468 रुपये प्रस्तावित थे। पत्र में उल्लेख किया गया है कि सांसद निधि की प्रथम किस्त के रूप में 50 प्रतिशत राशि संबंधित ग्राम पंचायतों को हस्तांतरित भी कर दी गई थी, लेकिन इसके बावजूद आज तक निर्माण कार्य शुरू नहीं कराया गया। इसे पंचायत कार्यों में लापरवाही मानते हुए जनपद पंचायत जतारा ने दोनों सरपंचों के खिलाफ धारा 40 के तहत कार्रवाई की अनुशंसा की है। जनपद पंचायत द्वारा भेजी गई प्रतिलिपि संबंधित ग्राम पंचायतों के सरपंचों को भी सूचनार्थ भेजी गई है। जारी पत्र के अनुसार ग्राम पंचायत पंचमपुरा में वर्ष 2025-26 के अंतर्गत सांसद निधि योजना से मुक्तिधाम निर्माण कार्य स्वीकृत किया गया था। इस कार्य की तकनीकी स्वीकृति क्रमांक 477 दिनांक 15 अक्टूबर 2025 तथा प्रशासनिक स्वीकृति क्रमांक 4995 दिनांक 27 अक्टूबर 2025 को जारी की गई थी। निर्माण कार्य की कुल स्वीकृत राशि 2 लाख 38 हजार 106 रुपये बताई गई है।

पत्र में उल्लेख किया गया है कि सांसद निधि से प्रस्तावित राशि 2 लाख 7 हजार 638 रुपये तथा मनरेगा योजना से 30 हजार 468 रुपये निर्धारित किए गए थे। साथ ही सांसद निधि की प्रथम किस्त के रूप में 50 प्रतिशत राशि ग्राम पंचायत पंचमपुरा को हस्तांतरित भी की जा चुकी थी।

इसके बावजूद सरपंच द्वारा अब तक निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं कराया गया। जनपद पंचायत प्रशासन ने इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए कहा है कि इससे स्पष्ट होता है कि ग्राम पंचायत के विकास, निर्माण एवं दायित्वों के निर्वहन में सरपंच की रुचि नहीं है। वहीं दूसरी ग्राम पंचायत दरगायकला की सरपंच श्रीमती कल्लूबाई आदिवासी के खिलाफ पंचायत राज अधिनियम की धारा 40 के तहत कार्रवाई की अनुशंसा की गई है। इस संबंध में जनपद पंचायत जतारा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा जिला पंचायत टीकमगढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को पत्र भेजा गया है। पत्र के अनुसार ग्राम कोड़िया, जो ग्राम पंचायत दरगायकला का आश्रित गांव है, वहां वर्ष 2025-26 में सांसद निधि योजना के अंतर्गत मुक्तिधाम निर्माण कार्य स्वीकृत किया गया था। तकनीकी स्वीकृति क्रमांक 471 दिनांक 14 अक्टूबर 2025 तथा प्रशासनिक स्वीकृति क्रमांक 4995 दिनांक 27 अक्टूबर 2025 को जारी की गई थी।

### ग्राम पंचायत में हो रहीं तरह-तरह की चर्चाएं

मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत जतारा ने पूरे मामले का प्रतिवेदन जिला पंचायत टीकमगढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को भेजते हुए सरपंच श्रीमती कमलेश केवट के खिलाफ धारा 40 के तहत नियमानुसार कार्रवाई किए जाने का अनुरोध किया है। इस कार्रवाई की सूचना ग्राम पंचायत पंचमपुरा को भी भेज दी गई है। मामले के सामने आने के बाद पंचायत क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना हुआ है और अब जिला पंचायत स्तर पर आगे की कार्रवाई पर सभी की नजरें टिकी हैं। इसके बावजूद सरपंच द्वारा अब तक निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं कराया गया। जनपद पंचायत प्रशासन ने इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए यह कार्यवाही की है।

### दरगाय कलां सरपंच की उदासीनता

नोटिस में बताया गया कि दरगाय कलां में दस्तावेज में उल्लेख है कि इस राशि में सांसद निधि से 2 लाख 7 हजार 638 रुपए तथा मनरेगा योजना से 30 हजार 468 रुपए प्रस्तावित किए गए थे। साथ ही सांसद निधि की प्रथम किश्त के रूप में 50 प्रतिशत राशि ग्राम पंचायत दरगायकला को हस्तांतरित भी की जा चुकी है। इसके बावजूद अब तक मुक्तिधाम निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं कराया गया। जनपद पंचायत ने इसे सरपंच की लापरवाही और विकास कार्यों के प्रति उदासीनता माना है। पत्र में कहा गया है कि सरपंच द्वारा अपने दायित्वों का निर्वहन सही तरीके से नहीं किया गया, जिससे ग्रामीणों को मिलने वाली मूलभूत सुविधा प्रभावित हो रही है।

# मंदिर खुदाई के दौरान मिले चांदी के प्राचीन सिक्के



**नवभारत न्यूज**
**शाहगढ़ 19 मई. ग्राम मुड़ारी में ठाकुर बब्बा मंदिर परिसर में चल रही जमीन की खुदाई के दौरान चांदी के प्राचीन सिक्के निकल आए. सिक्के मिलने की खबर गांव में तेजी से फैल गई और मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई. सूचना मिलते ही प्रशासन और पुलिस की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और पूरे क्षेत्र को नियंत्रण में ले लिया.**


प्राप्त जानकारी के अनुसार, मंदिर परिसर में निर्माण कार्य के लिए खुदाई कराई जा रही थी. इसी दौरान एक ग्रामीण को जमीन के भीतर से चांदी के कुछ पुराने सिक्के मिले. सिक्कों पर विशेष प्रकार के चिन्ह और आकृतियां अंकित पाई गई हैं, जिन्हें देखकर इनके ऐतिहासिक महत्व का अनुमान लगाया जा रहा है. प्रारंभिक जानकारी के आधार पर यह संभावना जताई जा रही है कि ये सिक्के वर्ष 1837 से 1901 के शासनकाल के दौरान प्रचलन में रहे होंगे. एसडीएम नवीन ठाकुर, एसडीओपी प्रदीप वाल्मीकि, तहसीलदार विजयकांत त्रिपाठी सहित पुलिस और राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची. अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण किया और बरामद सिक्कों को प्रशासनिक कब्जे में लेकर सुरक्षित रखवा दिया. एसडीएम नवीन ठाकुर ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच कराई जा रही है. उन्होंने कहा कि विशेषज्ञ एवं संबंधित टीम सिक्कों की प्रामाणिकता और ऐतिहासिक महत्व का परीक्षण करेगी. जांच रिपोर्ट आने के बाद ही पूरे मामले की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी. मुडारी गांव में प्राचीन सिक्कों की बरामदगी के बाद क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना हुआ है. ग्रामीण इसे ऐतिहासिक धरोहर मान रहे हैं.

# पुलिस ने पकड़ी गौवंश से भरी बोलेरो, 7 गौवंश बरामद

**मुलताई। क्षेत्र से गौवंश के हो रहे अवैध परिवहन पर मुलताई पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है, लेकिन इसके बाद भी गौवंश की तस्करी रुकने का नाम नही ले रही है। पुलिस ने छिंदवाड़ा की ओर से आ रही पिकप को पकड़कर उनके पास से 7 गौवंश बरामद किए है।**

- कार्रवाई के बाद भी नहीं रुक रही गौवंश तस्करी
- पुलिस ने मामला दर्ज कर शुरू की जांच

टीआई नरेंद्र सिंह परिहार ने बताया 17 मई 2026 को सुबह मुलताई पुलिस को सूचना दी गई कि गौवंश से भरा एक बोलेरो वाहन छिंदवाड़ा की ओर से मुलताई की तरफ तेज गति से आ रहा है। सूचना पर पुलिस टीम एवं स्थानीय सहयोगियों द्वारा ग्राम बरखेड़ पंखा क्षेत्र में निगरानी की गई।कुछ समय बाद बोलेरो वाहन क्रमांक एमएच 21सी 2154 को संदिग्ध अवस्था में आते देखा गया। वाहन को रोकने का प्रयास किया लेकिन चालक वाहन स्पीड बढ़ाकर भागने लगा. पीछा कर वाहन को बरखेड़ बाजार चौक पर रोका गया, जहां से वाहन चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। पुलिस द्वारा वाहन की तलाशी लेने पर उसमें 7 नग गौवंश को क्रूरता पूर्वक पैर एवं मुंह बांधकर एक-दूसरे के ऊपर भरा हुआ पाया गया। वाहन को थाना मुलताई लाकर गौवंश को उतारा गया, जिसमें 2 गाय मृत अवस्था मे एवं 05 गौवंश घायल अवस्था में मिले प्रथम दृष्टया गौवंश को वध के लिए महाराष्ट्र की ओर ले जाना पाया गया। पुलिस द्वारा इस मामले मे धारा 4, 6, 9 मध्यप्रदेश गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम एवं धारा 11(1)(घ) पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर बोलेरो वाहन एवं गौवंश सहित लगभग 3 लाख 30 हजार रुपए का मशरूका जप्त कर घायल गौवंश को उपचार एवं संरक्षण के लिए बघोड़ा गौशाला भेजा गया तथा मृत गौवंश का नियमानुसार अंतिम निस्तारण कराया गया।फरार वाहन चालक की तलाश एवं मामले की विवेचना जारी है।उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी मुलताई निरीक्षक नरेन्द्र सिंह परिहार, प्रधान आरक्षक सुनील पंद्राम, सैनिक राजकुमार की भूमिका रही।



## पुलिस की घेराबंदी :सरहद पार होने से पहले थमा गांजे की तस्करी का खेल

**गुना। मध्य प्रदेश से राजस्थान की ओर जा रही नशे की एक बड़ी खेप को मृगवास थाना पुलिस ने सीमा लांघने से पहले ही मटियामेट कर दिया। मुखबिर की सटीक और गोपनीय सूचना पर सक्रिय हुई सानई चौकी पुलिस ने बडकुआ के कच्चे रास्ते पर घात लगाकर दो ऐसे शातिर तस्करों को दबोचा है, जो बिना नंबर की बाइक से करीब दो किलोग्राम गांजा ठिकाने लगाने जा रहे थे।**

जानकारी के अनुसार, सोमवार रात सानई चौकी पुलिस को मुखबिर से सटीक सूचना मिली थी कि चांचौड़ा की ओर से एक बिना नंबर की हीरो एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल पर दो व्यक्ति अवैध गांजा लेकर बेचने के इरादे से बडकुआ-मृगवास के रास्ते राजस्थान की तरफ जाने वाले हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने तत्काल बडकुआ के कच्चे रास्ते पर मोर्चा संभाला और घेराबंदी की। कुछ ही समय बाद मुखबिर के बताए हुलिए के अनुसार मोटरसाइकिल सवार जैसे ही वहां पहुंचे, पुलिस ने उन्हें बिना मौका दिए धर दबोचा। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम सुनील गुर्जर (22 वर्ष, निवासी ग्राम गोविंदपुरा, चांचौड़ा) और विनोद गुर्जर (30 वर्ष, निवासी ग्राम जरकड़िया खेड़ी, जिला राजगढ़) बताए। पुलिस द्वारा ली गई विधिवत तलाशी के दौरान उनके पास मिले थैले से कुल 2.039 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ।

## ब्लड देकर बचाई महिला की जान

**नवभारत न्यूज,टीकमगढ़।**
जिला चिकित्सालय में भर्ती गंभीर एनीमिक गर्भवती महिला को सिविल सर्जन, डीपीएम एवं अस्पताल प्रबंधक द्वारा सूचना देने पर एक युवक ने सफलतापूर्वक महिला को ब्लड ट्रांसफ्यूजन बीटी देकर उसकी जान बचाई गई।

जिला चिकित्सालय में भर्ती एक महिला जिसका गर्भकाल 8 माह का था, में केवल 5 ग्राम एचबी पाया गया। इलाज के दौरान यह महिला अपने ग्राम वापस चली गई। इसकी सूचना ग्राम की आशा कार्यकर्ता आशा कुशवाहा द्वारा डीसीएम प्रबल त्रिपाठी को दी गई तथा बताया गया कि यह महिला दिल्ली में थी, जो कुछ दिनों पहले ही ग्राम में आई है।

**प्रकोप** | दिनभर शहर की सड़कों पर पसरा रहा सन्नाटा

# इस सीजन का सबसे ज्यादा गर्मी भरा दिन रहा मंगलवार

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।**
**भीषण गर्मी का प्रकोप लगातार जारी है। सोमवार को अधिकतम तापमान 44 डिग्री दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 29 डिग्री रहा। दिन के साथ रातें भी गर्म बनी हुई हैं।**



मंगलवार सुबह से ही तेज धूप और गर्म हवाएं चल रही हैं। दोपहर 12 बजे तक अधिकतम तापमान 43 डिग्री पहुंच गया था, जिसके दोपहर 2 बजे तक 44 डिग्री तक पहुंचने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले दो से तीन दिनों तक गर्मी का यह तीखा रुख बना रहेगा। वर्तमान में आर्द्रता 17 प्रतिशत है।भू अभिलेख कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, शनिवार को अधिकतम तापमान 43 डिग्री और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री था। रविवार को यह क्रमशः 43.2 डिग्री और 28 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने बुधवार को अधिकतम तापमान 43 डिग्री और गुरुवार को 42 डिग्री के आसपास रहने का अनुमान जताया है।भीषण गर्मी के कारण दोपहर में एसी और कूलर भी प्रभावी साबित नहीं हो पा रहे हैं। सोमवार रात करीब 8 बजे तक गर्म हवाएं चलती रहीं, जिससे दिन के साथ रात में भी लोगों को असहज गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग ने दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक घरों से बाहर न निकलने की सलाह दी है।तेज गर्मी के चलते सरकारी विभागों में भी लोगों की आवाजाही कम हो गई है। नगर पालिका ने दो दिन के अंतराल से पानी की आपूर्ति शुरू की है, जिससे भीषण गर्मी के इस दौर में नागरिकों को जल संकट का सामना भी करना पड़ रहा है।भीषण गर्मी का असर लगातार देखने को मिला। सुबह 10 बजे से ही गर्म हवाएं चलने लगीं और दोपहर 12 बजे तक अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। तेज धूप और लू के थपेड़ों ने लोगों को बेहाल कर दिया। मौसम विभाग के अनुसार दोपहर 2 बजे तक तापमान 44 डिग्री के पार जाने की संभावना जताई गई है।

रविवार को जिले में अधिकतम तापमान 43.2 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री दर्ज किया गया था। वहीं हवा में नमी की मात्रा केवल 17 प्रतिशत रहने से गर्मी का असर और अधिक बढ़ गया। दिनभर चल रही गर्म हवाओं के कारण लोगों को घरों से बाहर निकलने में परेशानी का सामना करना पड़ा।

दोपहर के समय शहर की सड़कों और बाजारों में सन्नाटा नजर आया। जरूरी काम से बाहर निकले लोग सिर और चेहरे को कपड़े से ढंककर चलते दिखाई दिए। ठंडे पेय पदार्थ, गन्ने का रस, शिकंजी और पानी की दुकानों पर लोगों की भीड़ लगी रही।

### कुछ दिनों तक लू चलने के आसार

डॉक्टरों ने लोगों को दोपहर के समय धूप में निकलने से बचने, पर्याप्त मात्रा में पानी पीने और बच्चों व बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखने की सलाह दी है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि अगले कुछ दिनों तक गर्मी और लू का असर बना रह सकता है।

# दिव्यांगों को सम्मान से जीने का हक

- सक्षम मध्यभारत प्रांत की वार्षिक योजना बैठक आयोजित
- विधायक राय व अतिथियों ने किए विचार व्यक्त

**नवभारत न्यूज**
**सीहोर 19 मई. समदृष्टि, क्षमता विकास एवं अनुसंधान मंडल सक्षम मध्यभारत प्रांत की वार्षिक योजना बैठक का आयोजन राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य पुनर्वास संस्थान में संपन्न हुआ. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक सुदेश राय, समाजसेवी अरुणा राय सम्मिलित हुए.**

कार्यक्रम में विभिन्न जिलों से आए पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं सामाजिक क्षेत्र से जुड़े गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता की. मुख्य वक्ता संगठन मंत्री चंद्रशेखर ने संगठन की आगामी योजनाओं, सेवा कार्यों एवं दिव्यांगजन




सशक्तिकरण पर मार्गदर्शन दिया. विधायक सुदेश राय ने सक्षम द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक संवेदनशीलता और सहयोग पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है. उन्होंने दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया. कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य पुनर्वास संस्थान डायरेक्टर डॉ. अखिलेश कुमार शुक्ला ने की. विशिष्ट अतिथि प्रांत अध्यक्ष सुरेश श्रीवास्तव उपस्थित रहे. वहीं विशेष अतिथियों में समाजसेवी अरुणा राय डॉ. पुष्पा कन्नौजिया, अतुल विपुल चांडक ने भी अपने विचार व्यक्त किए.